# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

क्र./713/वाहन/2023 सिस्टम निविदा क्र. 140898 कोरबा दिनांक 06.07.2023

## द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, कोरबा द्वारा विभिन्न वाहनों के संचालन हेतु वाहन चालक,जे.सी.बी. आपरेटर, श्रमिक(वाहन) एवं इलेक्ट्रीशियन प्रदाय करने के लिए निविदाकारों से फार्म "बी" ई–प्रोक्युरमेंट **(E-Tendring)** के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं–

| क्र | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि | अमानत राशि | कार्यावधि | निविदा प्रतिभागी शुल्क (DD) | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निगम के विभिन्न वाहनों के संचालन हेतु वाहन चालक,जे.सी.बी. आपरेटर, श्रमिक(वाहन) एवं विद्युत संधारण कार्य हेतु इलेक्ट्रीशियन प्रदाय करने बावत । | 17525475/– | 132000/– | 12 माह | 3000/- | 25.07.2023 से ……… |

शर्ते :–

1. निविदा ई–प्रोक्युरमेंट (E-Tendring) के माध्यम से ही स्वीकार किये जाएंगे।
2. जिन ठेकेदारों द्वारा नगर पालिक निगम (साडा) के किसी ठेके के कार्य में अनुबंध के अनुरूप कार्य न किया गया हो अथवा नगर पालिक निगम (साडा) के हित के विरूद्ध कार्य किया गया हो उन्हें निविदा भरने की पात्रता नहीं होगी।
3. इच्छुक ठेकेदारो का पंजीयन की प्रमाणित प्रतिलिपि यदि साझेदारी फर्म हो तो उसका प्रमाण पत्र (पार्टनरशीप डीड) की सत्य प्रतिलिपि, विगत 3 वर्षो का आयकर चुकता प्रमाण पत्र/पेन नम्बर, जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण पत्र एवं अमानत राशि के FDR/TDR की प्रति ऑनलाईन अपलोड करना अनिवार्य होगा, प्रशिक्षित यंत्री नियुक्त करने संबंधी प्रमाण पत्र, कर्मचारी भविष्य निधि रायपुर से पंजीकरण का कोड, निविदा प्रतिभागी शुल्क का डिमाण्ड ड्राफ्ट एवं धरोहर राशि FDR/TDR, शपथपत्र का स्केन कापी ऑन लाईन सिस्टम पर अपलोड करना अनिवार्य होगा ।
   - अमानत राशि का वैध **FDR/TDR**, निविदा प्रतिभागी शुल्क का **DD** एवं शपथ पत्र की मूल प्रति लिफाफा में कार्य का नाम एवं अन्य विवरण अंकित कर केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से निविदा खुलने की तिथि में दोपहर 3.00 बजे तक आयुक्त,नगर पालिक निगम,कोरबा साकेत भवन, आई.टी.आई.चौक रामपुर कोसाबाड़ी पिन– 495677 कोरबा को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
   - निविदाकार को प्रत्येक निविदा में पंजीयन क्षमता के अंतर्गत वर्तमान में नगर निगम या अन्य विभागों में उनके द्वारा किये जा रहे कार्यो का विवरण राशि सहित मूलप्रति में वैध शपथपत्र (राशि रू. 100/– नॉनज्यूडिसियल स्टाम्प) निविदा आमंत्रण दिनांक के पश्चात का, निविदा कमांक एवं कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।
   - अमानत राशि का **FDR/TDR** एवं निविदा प्रतिभागी शुल्क का **DD** जो कि आयुक्त, नगर पालिक निगम,कोरबा के नाम पर देय हो प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. कर्मचारी भविष्य निधि संगठनं रायपुर से पंजीयन कराकर कोड प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
5. प्लेसमेंट के कर्मचारियों की प्रातः कार्य प्रारंभ करने के पूर्व एवं सायं कार्य समाप्ति के उपरांत, अर्थात दो बार निष्ठा एप उपस्थिति ली जाना अनिवार्य होगा।
6. निष्ठा एप उपस्थिति के आधार पर ही, प्लेसमेंट कर्मचारियों को मासिक पारिश्रमिक, उनके बैंक खाते में मात्र आर.टी.जी.एस. द्वारा हस्तांतरित किया जावेगा। ई.पी.एफ, ईएससीआई. आदि की भी गणना कर, प्लेसमेंट द्वारा आर.टी.जी.एस. की गई राशि की मूल रसीद प्लेसमेंट एजेंसी द्वारा अनिवार्य रूप से निकाय को प्रस्तुत की जावेगी। निकाय द्वारा संविदा शर्तो के अनुसार प्लेसमेंट एजेंसी की भुगतान/प्रतिपूर्ति की कार्यवाही की जावेगी।
7. किसी शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कम से कम 20 ड्राईवर प्रदाय करने का अनुभव हो ।
8. निविदाकार को प्रदाय किये गये वाहन चालको के जीवित लाईट/हैवी लाइसेन्स सत्यापित प्रति कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
9. प्रदाय किये गये वाहन चालक, जे.सी.बी. ऑपरेटर,श्रमिक(वाहन) एवं इलेक्ट्रीशियन की सुरक्षा, बीमा, चिकित्सा सुविधाएं, बोनस, प्रोविडेन्ट फन्ड आदि की जिम्मेदारी निविदाकार की होगी।
10. वाहन चालक द्वारा चलाये गये वाहनों के लॉगबुक भरने की जवाबदारी निविदाकार की होगी।
11. वाहन चालक द्वारा चलाये गये वाहनों के पूर्ण भरे हुए लॉगबुक प्रत्येक माह के अन्तिम सप्ताह में सत्यापन/परीक्षण हेतु वाहन प्रभारी को उपलब्ध करवाने की जवाबदारी निविदाकार की होगी।
12. वाहनों का लॉगबुक निर्धारित समयावधि में नही भरने अथवा परीक्षण नही करवाने पर भुगतान नही किया जा सकेगा, जिसकी जवाबदारी निविदाकार की होगी।
13. निविदाकारो द्वारा प्रदाय किये गये वाहन चालक, जे.सी.बी. ऑपरेटर एवं श्रमिक(वाहन) एवं इलेक्ट्रीशियन को न्यूनतम कलेक्टर दर पर महीने के प्रथम सप्ताह में भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा।
14. प्रदाय किये गये वाहन चालक, आपरेटर एवं हेल्पर के कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना एंव असामायिक मृत्यु होने पर समस्त जिम्मेदारी निविदाकार की होगा।
15. प्लेसमेंट पर कर्मचारी रखे जाने हेतु श्रम विभाग के समस्त नियमों का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।
16. वाहन चालक/ऑपरेटर/श्रमिक(वाहन)एवं इलेक्ट्रीशियन के अवकाश की स्थिति में उसके स्थान पर दूसरे वाहन चालक/ऑपरेटर/श्रमिक(वाहन)/इलेक्ट्रीशियन की व्यवस्था करने की जवाबदारी निविदाकार की होगी।

प्रदाय किये गये वाहन चालक, जे.सी.बी. आपरेटर की शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम 10वीं उत्तीर्ण एवं इलेक्ट्रीशियन के लिए इलेक्ट्रीक में आई.टी.आई. प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
विद्युत संधारण कार्य में लगे श्रमिक/इलेक्ट्रीशियन को विद्युत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा एवं कार्य के दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना एवं असामायिक मृत्यु होने पर सम्पूर्ण जवाबदारी निविदाकार की होगी।

19. निविदा उन्ही ठेकेदारो को दिया जावेगा। जिन्हे इस प्रकार के कार्यो का अनुभव हों।
20. निविदा अहस्तांतरणीय होगी एवं सशर्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा ।
21. बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत या पूर्ण रूप से अमान्य करने का अधिकार सक्षम अधिकारी को रहेगा ।
22. किसी भी तरह की विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
23. ठेकेदारों/प्रदायकर्ताओं को उपरोक्त कार्य हेतु श्रमिकों का भुगतान बैंक के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा। ।
24. आवेदन के साथ 10.00 लाख या उससे अधिक लागत के कार्यो की निविदा में भाग लेने वाले ठेकेदारों को छ.ग.भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्तो का विनियमन) अधिनियम 1996 एवं तद्अंतर्गत निर्धारित नियमों के तहत् पंजीयन कराना आवश्यक होगा तथा निर्माण लागत का 1 प्रतिशत उपकर के रूप में प्रत्येक देयक से कटौती की जावेगी।
25. उपरोक्त निविदा सूचना की विस्तृत प्रति नगर पालिक निगम कोरबा की वेब साईट www.korbamunicipal.in पर भी यह टेन्डर उपलब्ध है।
26. अन्य सूचनाएं नगर पालिक निगम साकेत भवन रामपुर कोरबा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम,
कोरबा (छ.ग.)

प्रतिलिपि :– प्रोग्रामर, संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, नया रायपुर (छ.ग.) को uad.cg.gov.in में अपलोड किये जाने हेतु प्रेषित।

## Date-Time Detail(s)

| Seq. No. | Nagar Nigam Stage | Contractor Stage | Start | | Expiry | | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Date | Time | Date | Time | |
| 1 | Release Tender | | 06.07.2023 | 13.30 | 06.07.2023 | 13.30 | Release Tender |
| 2 | | Bid Submission | 06.07.2023 | 13.30 | 24.07.2023 | 17.30 | |
| 3 | | Physical Document Submmission | 06.07.2023 | 13.30 | 25.07.2023 | 15.00 | |
| 4 | Tender Open | | 25.07.2023 | 16.00 | -- | -- | |

EXECUTIVE ENGINEER
KORBA (CG)
For, Commissioner Korba (C.G.)

# OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION , KORBA (C.G.)

## ABSTRACT

**SUBJECT -** Supply/ Providing of Driver , JCB Operator, Labour (Vehicle) & Electrician for Vehicle Operating & Electrical Maintenance at Municipal Corporation Korba.

| SN | DESCRIPTION | UNIT | QTY | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| | Supply/ Providing of Driver , JCB Operator, Labour (Vehicle) & Electrician for Vehicle Operating & Electrical Maintenance at Municipal Corporation Korba. | | | | |
| 1 | Driver per day/per person (56 Driver x 365 Days) | Days | 20440 | | |
| 2 | JCB Operator per day/per person (04 JCB Operator x 365 Days) | Days | 1460 | | |
| 3 | Labour (Vehicle)per day/per person (20 Labour x 365 Days) | Days | 7300 | | |
| 4 | Electrician per day/per person (5 Electrician x 365 Days) | Days | 1825 | | |
| | TOTAL Rs. | | | | |

**Sub Engineer,**
**Municipal Corporation,**
**Korba (C.G.)**

**Asstt. Engineer,**
**Municipal Corporation,**
**Korba (C.G.)**

**Executive Engineer,**
**Municipal Corporation,**
**Korba (C.G.)**